**दिनांक: 18-01-2017**

# क्षेत्रीय राजनीतिक दलों द्वारा प्राप्त दान का विश्लेषण वित्तीय वर्ष- 2015-16

नेशनल इलेक्शन वाच

और

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट

Association for Democratic Reforms
T-95A, I floor, C.L. House, Gautam Nagar
New Delhi – 110 049
Email: adr@adrindia.org; Phone: 011-4165 4200

# क्षेत्रीय राजनीतिक दलों द्वारा रु 20,000 से अधिक प्राप्त दान का विश्लेषण - वित्तीय वर्ष- 2015-16

राजनीतिक दल विभिन्न स्त्रोतों से दान प्राप्त करते हैं इसलिए जवाबदेही और पार्दर्शिता उनके कामकाज का महत्वपूर्ण पहलु होना चाहिए | व्यापक और पार्दर्शी लेखा प्रणाली के लिए आवश्यक है की पार्टियां सही वित्तीय स्थिति प्रदर्शित करें |

इस रिपोर्ट में वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान सात क्षेत्रीय दलों द्वारा घोषित की गयी दान का विश्लेषण है | क्षेत्रीय दल: आम आदमी पार्टी (**AAP**), आल इंडिया अन्ना द्रविड मुन्नेत्र कजहगम (**एआईएडीएमके**), आल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (**एआईयूडीएफ**), बीजू जनता दल (**बीजेडी**), देसिया मुरपाककु द्रविड कजगम (**डीएमडीके**), इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (**आईयूएमएल**), जनता दल (सेक्युलर) (**जेडीएस**), जनता दल (यूनाइटेड) (**जेडीयू**), झारखण्ड मुक्ति मोर्चा (**जेएम्एम्**), लोक जनशक्ति पार्टी (**एलजीपी**), महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (**एमएनएस**), नागा पेओपल्स फ्रंट (**एनपीएफ**), पट्टाली मक्कल कटची (**पीएमके**), राष्ट्रीय जनता दल (**आरजेडी**), राष्ट्रीय लोक दल (**आरएलडी**), शिरोमणि अकाली दल (**एसएडी**), शिवसेना (**एसएचएस** ), सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट (**एसडीएफ**), तेलंगाना राष्ट्र समिति (**टीआरएस**), तेलगु देसम पार्टी (**टीडीपी**), और युवजन श्रमिक रैतु कांग्रेस पार्टी (**वायएसआर- कांग्रेस**) हैं |

## सारांश

### रिपोर्ट के मुख्य बिंदु:

I. **<u>रु 20,000 से अधिक के दान का विवरण: क्षेत्रीय दल वि व्. 2015-16</u>**


   a. राजनीतिक दलों को हरवर्ष रु 20,000 से ज्यादा दान देने वाले दानदाताओं की सूचि चुनाव आयोग को देनी होती है | इस रिपोर्ट में उन दानदाताओं का विश्लेषण है जिनकी जानकारी दलों ने चुनाव आयोग में जमा की है |

   b. क्षेत्रीय दलों द्वारा वि व् 2015-16 में अर्जित की गयी रु 20,000 से अधिक की दान राशि रु **107.62 करोड़** है जो **2249 दानों** द्वारा प्राप्त हुआ |

   c. शिवसेना को 143 दानों द्वारा पूरे भारतवर्ष से रु 86.84 करोड़ प्राप्त हुआ और AAP को 1187 दानों से रु 6.605 करोड़ मिला | शिवसेना का कुल दान बाकी 20 क्षेत्रीय दलों के कुल दान से लगभग 4 गुना है |

   d. एआईडीएमके, बीजेडी, जेएमएम, एनपीएफ और आरएलडी ने वित्तीय वर्ष 2015-16 के लिए रु 20,000 से अधिक का दान **शून्य** घोषित किया है |

   e. एआईडीएमके, बीजेडी, जेएमएम, एनपीएफ और आरएलडी ने यह दर्शाया है की पार्टी को रु 20,000 से अधिक का दान वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान प्राप्त नही हुआ है |




II. **<u>वि व् 2014-15 और वि व् 2015-16 में क्षेत्रीय दलों को प्राप्त दान की तुलना</u>**


a. वि व् 2014-15 की तुलना में क्षेत्रीय दलों की कुल दान वि व् 2015-16 में **20.20% या रु 27.24 करोड़** की गिरावट देखी गयी है |

b. यहाँ पर ध्यान देने की बात है की SHS, PMK, AIUDF, DMDK और JDS के दान में वि व् 2014-15 और 2015-16 के बीच **169%** वृद्धि देखी गयी |

c. वित्तीय वर्ष 2014-15 के दौरान बीजेडी, जेएमएम, एनपीएफ, और आरएलडी ने कुल रु 25.56 करोड़ का दान (रु 20,000 से अधिक) घोषित किया है, मगर इन दलों ने वि व् 2015-16 के दौरान यह दर्शाया है की उनको रु 20,000 से अधिक का एक भी दान नही मिला है |

d. MNS का दानराशि वि व् 2014-15 की तुलना में **95.39%** कम घोषित किया है | वि व् 2014-15 में पार्टी ने रु **6.08 करोड़** प्राप्त किये वही वि व् 2015-16 में पार्टी का दान **रु 28 लाख** ही है |




### III. वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान क्षेत्रीय दलों द्वारा घोषित नकद दानराशि

29 अगस्त 2014 को चुनाव आयोग कि एक अधिसूचना में कहा कि " **कोई भी व्यक्ति या कंपनी, जो नकदी के माध्यम से राजनीतिक दलों को चंदा देगी उसे कर में कोई छूट नही दी जायेगी**" | यह अधिसूचना वि व् 2014-15 के बाद से लागू किया गया था | इसके बाबजूद, क्षेत्रीय राजनीतिक दलों को नकदी के माध्यम से दान देने वाले दान-दाताओं कि बढ़ोतरी देखी गयी है | वि व् 2014-15 के दौरान क्षेत्रीय दलों को 0.22% (रु 30 लाख) का दान रु 20,000 से अधिक के दान से प्राप्त हुआ था |

a. वि व् 2015-16 के दौरान क्षेत्रीय दलों को कुल **रु 107.62 करोड़** का दान प्राप्त हुआ है, जिसमें 784 दान दाताओं ने नकदी के माध्यम से रु **3.32 करोड़** का दान दिया, जो पूरे दान का **3.08%** है |
b. नकदी के माध्यम से PMK ने सबसे अधिक रु 2.65 करोड़ का दान , AAP ने रु 29.56 लाख और SHS ने रु 27.27 लाख का दान प्राप्त किया है |
c. सभी राज्यों में से क्षेत्रीय दलों को तमिलनाडु से रु 2.46 करोड़ और पंजाब से रु 14.11 लाख का दान नकदी के माध्यम से प्राप्त हुआ है |
d. वित्तीय वर्ष 2015-16 में पंजाब,दिल्ली,चंडीगढ़ और मलेशिया का प्रत्येक नगदी दान आम आदमी पार्टी को ही मिला है |
e. आम आदमी पार्टी ने अपने दान रिपोर्ट में **मलेशिया** के एक दान दाता का नाम घोषित किया है जिसने नगदी की माध्यम से रु 1 लाख का दान, पांच बार रु 20,000 में दिया है |





### IV. क्षेत्रीय दलों का राज्यवार दान - नकद, चेक / डीडी, बैंक स्थानान्तरण द्वारा प्राप्त दान

a. चुनाव आयोग में दलों द्वारा जमा किये गए दान रिपोर्ट से, एडीआर/एन.इ.डब्लू ने दान दाताओं द्वारा घोषित किये गए पते से क्षेत्रीय दलों का राज्यवार विवरण किया है |
b. क्षेत्रीय दलों को 26 राज्य/संघ शासित प्रदेशों और 10 देशों से रु 20,000 से अधिक का दान मिला है | विदेश से **केवल आम आदमी पार्टी को** ही रु 20,000 से अधिक का चंदा मिला है |
c. वि व् 2015-16 में, क्षेत्रीय दलों को महाराष्ट्र से कुल **रु 86.82 करोड़**, कर्नाटक से **रु 3.30 करोड़** और हैदराबाद से **रु 2.56 करोड़** दान मिला है |
d. आम आदमी पार्टी ने अपने कुल आय का (रु 20,000 से अधिक) **14.84% या रु 98 लाख** का दान **विदेश से** प्राप्त किया है |
e. क्षेत्रीय दलों ने अपने दान रिपोर्ट में दान दाताओं के अधूरी जानकारी देने के कारण, दलों के कुल दान का **1.33% या रु 1.43 करोड़** का दान, किसी राज्य या संघ शासित प्रदेशों में नहीं जोड़ा जा सकता था |


V. **कॉर्पोरेट दान दाताओं और व्यक्तिगत दान दाताओं**

a. वि व् 2015-16 के दौरान क्षेत्रीय दलों को रु 90.89 करोड़ (कुल दान का 84.45%) का दान 202 कॉर्पोरेट दान दाताओं से और रु 16.59 करोड़ का दान (कुल दान का 15.42%) 1988 व्यक्तिगत दान दाताओं प्राप्त हुआ है |
b. शिवसेना को कॉर्पोरेट दान दाताओं से **रु 86.16 करोड़** और व्यक्तिगत दान दाताओं से रु 16 लाख दान प्राप्त हुआ है |
c. वि व् 2015-16 के दौरान, 59 अघोषित दान दाताओं से क्षेत्रीय दलों को रु 14 लाख प्राप्त हुआ है




**क्षेत्रीय दलों द्वारा घोषित दान रिपोर्ट में पैन नम्बर का विवरण**

a. 21 क्षेत्रीय दलों में से 16 दलों ने रु 20,000 से अधिक का दान घोषित किया है | इनमें से 9 दलों यानि SHS, AAP, PMK, YSR-Congress, AIUDF, IUML, MNS, SAD और DMDK ने 1567 दानों से प्राप्त रु 6.79 करोड़ का पैन की जानकारी घोषित नही की है |
b. यह ध्यान देने कि बात है की PMK ने अपने दान रिपोर्ट में एक भी दान दाता का पैन विवरण नही घोषित किया है | इस पार्टी ने 571 दानों से बिना पैन के रु 2.646 करोड़ का दान प्राप्त किया है |
c. आम आदमी पार्टी ने **रु 2.89 करोड़** के चंदे का पैन विवरण की घोषणा नही की है जो पूरे दान का **44%** है |



VI. **शीर्ष दो दान दाता : वि व् 2015-16**

a. वीडियोकॉन इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने शिवसेना को कुल रु 85 करोड़ का दान दिया है, जो शिवसेना के कुल प्राप्त दान का 98% है |

b. वि व् 2015-16 के दौरान एसडीएफ को केवल एक ही दान दाता से रु 20,000 से अधिक का दान मिला है | टोरेंट फार्मा लिमिटेड ने पार्टी को कुल रु 25 लाख का दान दिया है |

# एडीआर के सुझाव

## एडीआर के सुझाव

- सुप्रीम कोर्ट ने 13 सितम्बर 2013 को यह घोषित किया कि उम्मीदवारों के शपथपत्र का कोई भी हिस्सा खली नही रहना चाहिए इसी प्रकार फॉर्म 24ए (जोकि राजनीतिक, दलों द्वारा रु 20,000 ज्यादा दान देने वाले लोगों के लिए प्रस्तुत किया जाता है) का भी कोई हिस्सा खाली नही होना चाहिए ।
- क्योंकि राजनीतिक दलों कि आय का अधिकतम प्रतिशत (80%) अज्ञात स्त्रोतों से आता है| दान दाताओं कि पूरी जानकारी, सार्वजानिक जाँच के लिए आम जनता को उपलब्ध होनी चाहिए । भूटान, नेपाल, जर्मनी, फ्रांस, इटली, ब्राजील, बल्गेरिया, अमेरिका तथा जापान जैसे देशों में ऐसा किया जाता है| इन देशों में किसी भी देश में राजनीतिक दलों के आय स्त्रोत का 75% अज्ञात रहना असम्भव होगा|
- सार्वजानिक जाँच हेतु राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय दलों को अपने दल को मिले दान का उचित तथा पूर्ण विवरण समय पर चुनाव आयोग को जमा कर देना चाहिए, फलस्वरूप ये वित्तीय पार्दर्शिता को प्रोत्साहित करेगा।
- राजनीतिक दलों को सुचना का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत निरन्तर तौर पर जानकारी प्रदान करनी चाहिए। ऐसा करने से ही राजनीतिक दल, चुनाव प्रक्रिया एवं लोकतंत्र सशक्त होगा ।

## Contacts


| | | | |
|---|---|---|---|
| Media and Journalist Helpline<br><br>+91 80103 94248<br>Email: adr@adrindia.org | Maj Gen Anil Verma (Retd.)<br>Head<br><br>NEW & ADR<br><br>+91 8826479910<br>anilverma@adrindia.org | Prof Jagdeep Chhokar<br>IIM Ahmedabad (Retd)<br>Founder NEW & ADR<br>+919999620944<br>jchhokar@gmail.com | Prof Trilochan Sastry<br>IIM Bangalore<br>Founder Member,<br>NEW & ADR<br>+919448353285,<br>trilochans@iimb.ernet.in |


## अस्वीकरण

इस रिपोर्ट में डेटा का विश्लेषण वि व् 2015-16 में क्षेत्रीय दलों द्वारा चुनाव आयोग को जमा किये गये रु २०,००० से अधिक के दान रिपोर्ट से बनाया है | जानकारी के लिए क्लिक करें | http://eci.nic.in/eci_main1/PolPar/political_parties_Contribution_report_2016.aspx

क्षेत्रीय दलों के दान दाताओं का पूर्ण विवरण: कृपया क्लिक करें **http://myneta.info/party.**

क्षेत्रीय दलों के दान का अनुसंधान रिपोर्ट के लिए कृपया यहाँ क्लिक करें **http://adrindia.org/research-and-report/political-party-watch**